प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
08.02.2025/प्रादेशिक समाचार/11.00 बजे

केन्द्रीय मंत्रिमंडल

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने स्किल इंडिया कार्यक्रम को 2026 तक जारी रखने और उसके पुनर्गठन को मंजूरी दी है। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विन वैष्णव ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई बैठक में 2022–23 से 2025–26 तक आठ हजार आठ सौ करोड़ रुपये की लागत के साथ इस कार्यक्रम को स्वीकृति दी गई।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू आज बिलासपुर जिला के श्रीनैना देवी विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री कई परियोजनाओं के शिलान्यास व उद्घाटन करेंगे।

परीक्षा पे चर्चा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 10 फरवरी को सुबह 11 बजे देश भर के विद्यार्थियों के साथ परीक्षा पे चर्चा के तहत बातचीत करेंगे। इस दौरान देशभर के 36 विद्यार्थी प्रधानमंत्री से सीधे संवाद करेंगे। दूरदर्शन और आकाशवाणी सहित कई प्लेटफार्मों पर इसका सीधा प्रसारण किया जाएगा। इस दौरान प्रधानमंत्री विद्यार्थियों, अभिभावकों व शिक्षकों के साथ बातचीत करेंगे और परीक्षा की तैयारी, तनाव प्रबंधन सहित व्यक्तिगत विकास पर मार्गदर्शन देंगे। प्रधानमंत्री ने कहा है कि परीक्षा पे चर्चा एक नए और जीवंत स्वरूप में वापिस आ गई है।

राज्यपाल

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने हिमाचल प्रदेश सरकारी कर्मचारी भर्ती एवं सेवा की शर्तें विधेयक को मंजूरी दे दी है। प्रधान सचिव विधि के ओर से इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है। इस विधेयक के तहत प्रदेश में कर्मचारियों को अनुबंध सेवा काल का वरिष्ठता और वितीय लाभ नहीं मिलेगा। यह व्यवस्था वर्ष 2003 से लागू होगी। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार ने धर्मशाला में हुए विधानसभा के शीतकालीन सत्र में इस विधेयक को पारित किया था।

मतगणना

दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए 70 सीटों के लिए मतगणना जारी है। मतगणना के लिए दिल्ली के सभी जिलों में 19 मतगणना केंद्र बनाए गए हैं। दिल्ली में मुख्य मुकाबला आम आदमी पार्टी, भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस के बीच है।

स्टेट कैडर

प्रदेश सरकार ने राजस्व विभाग के तृतीय –चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों को जिला से स्टेट कैडर में शामिल किया है। अतिरिक्त मुख्य सचिव राजस्व ओंकार शर्मा ने बताया कि विभाग के लगभग 10 हजार कर्मचारी इस के दायरे में आएंगे। उन्होंने बताया कि इसके बाद इन कर्मचारियों का किसी भी जिला में तबादला हो सकता है। राज्य सरकार ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है। प्रदेश सरकार ने हाल ही में मंत्रिमंडल की बैठक में इस का फैसला लिया था।

इंडियन आर्ट कांग्रेस

भारतीय कला इतिहास कांग्रेस का 32वां सत्र आज से नोएडा में शुरू हो रहा है। केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत तीन दिवसीय कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे। सम्मेलन का उद्देश्य महाकाव्यों के विभिन्न रूपों पर बातचीत का मंच प्रदान करना है । इस वर्ष के आयोजन का विषय है–कला और संस्कृति में भारतीय महाकाव्यों का योगदान। इसका उद्देश्य महाकाव्यों पर आधारित कलात्मक अभिव्यक्तियों के विविध रूपों को उजागर करना है।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में हल्के बादल छाए हुए हैं। प्रदेश के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बीते दिनों हुई बर्फबारी और बारिश से न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। इससे प्रदेश के अधिकांश क्षेत्र शीतलहर की चपेट हैं। मौसम विभाग के वैज्ञानिक संदीप कुमार ने बताया कि आज से 10 फरवरी तक प्रदेश के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हल्की बर्फबारी होने की संभावना है जबकि मैदानी इलाकों में शीतलहर जारी रहेंगी।

————————————